दिन–रविवार दिनांक– 18 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

02. जहानाबाद जिले में श्रावणी मेला भगदड़ मामले में जिला प्रशासन ने ग्यारह पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को किया निलंबित।

03. केन्द्रीय मत्स्य–पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा– वर्ष दो हजार तीस तक खुरपका और मुंहपका रोग से पशुओं को मिलेगी मुक्ति।

04. और, प्रदेश में कम बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में हो रही है कमी। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी हालात हुये बेहतर।

---

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है जिससे स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। संघ की मांग है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में संघ ने मांग करते हुये कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा में पूरी हो और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिले। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की है। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन–आईएमए के आह्वान पर चिकित्सकों की चौबीस घंटे की हड़ताल समाप्त हो गई है। हालांकि जूनियर डॉक्टरों और रेजीडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा और आपातकालीन सेवाएं अब भी बाधित हैं।

---

केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित करेगी। सरकार ने फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और स्वास्थ्य संबंधी अन्य पक्षों की चिंता के बाद यह निर्णय लिया है। केंद्र ने इस विषय पर राज्यों से भी समिति को सुझाव देने का अनुरोध किया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संतुलित और समावेशी विकास के लिए ग्लोबल साउथ के देशों की सहायता के लिए व्यापक वैश्विक विकास समझौते का प्रस्ताव किया है। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने तथा एक दूसरे की ताकत बनने का आह्वान भी किया। उन्होंने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ वर्चुअल सम्मेलन में मौजूदा वैश्विक माहौल पर भी चिंता व्यक्त की।

———बाईट———

पिछली सदी में बने ग्लोबल गवर्नेंस और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस इस सदी की चुनौतियों से लड़ने में असमर्थ रहे हैं। यह समय की मांग है कि ग्लोबल साउथ के देश एक जुट होकर एक स्वर में एक साथ खड़े रहकर एक दूसरे की ताकत बने।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि देश में इस समय मंकीपॉक्स का कोई रोगी नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में एक बैठक में मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती उपाय करने का निर्णय लिया गया।

---

जहानाबाद जिले के बराबर स्थित श्रावणी मेले में हुये भगदड़ की जांच के बाद ग्यारह पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह ने बताया कि इनमें बराबर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस अवर निरीक्षक, एक पुलिस सहायक अवर निरीक्षक और छह सिपाही शामिल हैं। वहीं, बारह पुलिस पदाधिकारी, एक हवलदार, छब्बीस सिपाही और नौ गृह रक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरक्षी अधीक्षक ने बताया कि बीते बारह अगस्त की रात सिद्धेश्वरनाथ मंदिर के पास भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गयी थी और कई लोग घायल हो गये थे। आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि घटना के बाद जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक जांच कमिटी का गठन किया था, जिसमें उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही सामने आयी थी। उन्होंने कहा कि मामले में सिविल सर्जन दो चिकित्सक और दो अधिकारियों पर आरोप पत्र गठित करते हुये संबंधित विभाग को कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

---

गया जिले के गेहलौर में सत्रहवें दशरथ मांझी महोत्सव का उद्‌घाटन करते हुये केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अपनी दृढ़ता और लगन से पहाड़ काटकर दशरथ मांझी ने समाज की राह को आसान बनाया। उन्होंने कहा कि लोगों को उनसे

प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

---

रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए पटना में बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पटना में एक सौ पैंतीस सिटी बसों का परिचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन सभी बसों में राखी के त्योहार के दिन महिलाओं और छात्राओं के लिए बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। हर वर्ग की महिलाएं सुबह छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक इस सेवा का लाभ ले सकेंगी।

---

गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नकदी और हथियार के साथ एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि मानिकपुर गांव में छापेमारी के दौरान पुलिस ने छह बंदूक, एक रायफल, दो मैंगजीन, पन्द्रह सौ कारतूस और तीन लाख रूपये नकद के साथ दो मोटरसाईकिल बरामद की है। एसएसपी ने बताया कि हथियार घर में रखे गये थे जबकि कारतूस खेत से बरामद किये गये हैं।

---

केन्द्रीय मत्स्य–पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने वर्ष दो हजार तीस तक पशुओं में खुरपका और मुंहपका रोग से मुक्ति के लिए उपायों की समीक्षा की है। केंद्र सरकार बिहार समेत अन्य राज्यों में इन रोगों से मुक्त–क्षेत्र बनाना चाहती है। श्री सिंह ने कहा कि पशुधन, देश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आजीविका–दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खुरपका और मुंहपका के कारण प्रतिवर्ष लगभग चौबीस हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है और इन पर नियंत्रण से दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा। केन्द्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सभी पशु टीके घरेलू स्तर पर बनाए जाते हैं और अब भारत टीका निर्यात करने की स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि खुरपका–मुंहपका से बचाव के लिए भेड़–बकरियों को टीका लगाने का काम तेज़ किया गया है।

---

प्रदेश में कम बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी हालात बेहतर हुए हैं। हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया कि जिले के परबत्ता और गोगरी प्रखंड के कई गांवों में बाढ़ से जन–जीवन प्रभावित है। हालांकि तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। एक रिपोर्ट––

———बाईट———

जिले के नदियों के जलस्तर में वृद्धि का सिलसिला फिलहाल थमा हुआ है। तटबंध भी सुरक्षित हैं। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अभियंता और संबंधित प्रखंड के अधिकारी चौकसी बरत रहे हैं। परवत्ता के विधायक डॉ संजीव कुमार ने पिछले दिनों बाढ़ प्रभावित तेमथा करारी, जोरवारपुर, रामपुर, गोगरी पंचायत के कई बाढ़ प्रभावित गांवों का जायजा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया प्रभात सुमन।

वहीं, मुंगेर जिले में गंगा नदी के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात सुधर रहे हैं। और ब्योरा के साथ मौजूद हैं हमारे संवाददाता—

———बाईट————

जिले में पिछले तीन दिनों से गंगा के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। हालांकि उत्तरी प्रदेशों में बारिश के कारण नदी का जलस्तर अगले एक दो दिनों में चेतावनी स्तर 38.33 मीटर के करीब पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। सदर प्रखंड की गंगा पार तीन पंचायतें जाफरनगर, कुतलुपुर और टिकारामपुर अभी भी बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। इन पंचायतों में आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूल बाढ़ के पानी में डूब जाने के कारण अध्ययन— अध्यापन बाधित है। प्रभावित इलाकों में प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया की गंगा के जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। जिन इलाको में बाढ़ का पानी निकल रहा है उन इलाको में महामारी ना फैले इसे लेकर स्वास्थ विभाग द्वारा बिलीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

सहरसा जिले में भी बाढ़ के हालात में सुधार है। हालांकि कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा है। जिससे लोगों को हालात बिगड़ने की आशंका फिर सता रही है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

कोसी नदी में जलस्तर बढ़ा है जिस कारण जिले के विभिन्न पंचायत में बाढ़ के पानी जमा होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डरहार पंचायत के बरहरा गांव में बिजली के पोल तक नदी का पानी पहुंच चुका है, जिस कारण बिजली के गुल होने का खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ का पानी फैलने से सलखुआ प्रखंड के दियारावासी को आवाजाही में परेशानी हो रही है। प्रशासन की तरफ से राहत कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

---

राज्य के दक्षिण—पूर्व और उत्तर—पूर्व भागों में बंगाल की खाड़ी के करीब वाले भागों में चक्रवातीय परिसंचरण की स्थितियां तैयार हो रही है। जिसके प्रभाव से आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की सम्भावना है। वहीं, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और सीवान समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम भाग में अनेक स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—मध्य और पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम स्तर की वर्षा की संभावना है।

---

निगरानी की विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के चौबीस वर्ष पुराने एक मामले में खनन विभाग के एक पूर्व प्रधान लिपिक को एक वर्ष के कारावास के साथ दस हजार रूपये की सजा चुनाई है। अररिया व्यवहार न्यायालय की एक अदालत ने हत्या के आरोप में दोषी जीतेंद्र पासवान और नारायण पासवान को आजीवन कारावास की सजा के साथ पचास(50) हजार रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। वहीं, अदालत तीन अन्य दोषियों को दो वर्ष के कारावास के साथ दस–दस हजार रुपए की सजा दी है। इधर, शेखपुरा जिले की एक अदालत ने विवाहिता की हत्या के मामले में पति सौरव कुमार को दस साल और सास मालती देवी और ससुर रजो यादव को सात–सात साल की सजा सुनाई है।

---

चीन में बीस अगस्त से शुरू हो रहे जूनियर विश्व चौम्पियनशिप में पन्द्रह और सत्रह वर्ष से कम उम्र के बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए भारत ने उनतालीस खिलाड़ियों का दल भेजा है। अगले साल इस प्रतियोगिता की मेज़बानी भारत करेगा।

---

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद में पुलिस ने बालू माफिया गिरोह के पचपन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही बालू लदे पांच नावों को भी जब्त किया है।

---

मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र के मुरारपट्टी गांव में मां और बेटी की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

बांका जिले के धोरैया प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत अहिरो चार और पैर पंचायत के दो रोजगार सेवक की सेवा समाप्त कर दी गयी है। उप विकास आयुक्त अंजनी कुमार ने बताया कि इनपर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप था।

---

गया जिले की गुरारू थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक नक्सली अर्जुन पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजगीर खेल परिसर के निरीक्षण के दौरान दिये गये बयान पर पर लिखा है– राजगीर में विश्वस्तरीय खेल पुस्तकालय बनेगा।

दैनिक जागरण ने भागलपुर में अगुवानी पुल के एक बार फिर गिरने और मुजफ्फरपुर में दुष्कर्म और हत्या के आरोपी के घर बुलडोजर की कार्रवाई को बड़ी खबर बनाया है।

दैनिक भास्कर कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड मामले पर लिखता है– ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के पीछे मानव अंग की तस्करी का शक, पीड़िता को भनक थी, खुलासा करने वाली थी। प्रभात खबर का शीर्षक है– सब्जियों की पैदावार एक हजार चार सौ पंचानवे हजार टन घटने से बढ़े दाम। आज अखबार की सुर्खी है– महिला शिक्षकों को रक्षाबंधन का तोहफा, सत्रह हजार शिक्षकों की उन्नीस से होने वाली छह दिनों की ट्रेनिंग स्थगित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

02. जहानाबाद जिले में श्रावणी मेला भगदड़ मामले में जिला प्रशासन ने ग्यारह पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को किया निलंबित।

03. केन्द्रीय मत्स्य–पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा– वर्ष दो हजार तीस तक खुरपका और मुंहपका रोग से पशुओं को मिलेगी मुक्ति।

04. और, प्रदेश में कम बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में हो रही है कमी। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी हालात हुये बेहतर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।